www.xtrapapers.com

MINISTRY OF EDUCATION, SINGAPORE
in collaboration with
UNIVERSITY OF CAMBRIDGE LOCAL EXAMINATIONS SYNDICATE
General Certificate of Education Ordinary Level

**HINDI** **3195/02**

Paper 2 Language Usage and Comprehension

October/November 2006

**1 hour 30 minutes**

Additional Materials: Answer Sheet

**READ THESE INSTRUCTIONS FIRST**

Write your Centre number, index number and name on all the work you hand in.
Write in dark blue or black pen.
Do not use staples, paper clips, highlighters, glue or correction fluid.

Answer **all** questions.

At the end of the examination, fasten all your work securely together.
The number of marks is given in brackets [ ] at the end of each question or part question.

This document consists of **8** printed pages and **4** blank pages.

Singapore Examinations and Assessment Board

UNIVERSITY *of* CAMBRIDGE International Examinations

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



BLANK PAGE

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



## Section A
## खंड 'क'

**A1 Combination/Separation of Words** [10]

**संधि - विच्छेद**

निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए और अपने उत्तर दिए गए उत्तर पत्र में लिखिए।

**1** दिनेश

**2** विद्यालय

**3** परोपकार

**4** प्रत्येक

**5** रजनीश

**A2 Idioms, Proverbs and Words in Pairs** [10]

**मुहावरे, लोकोक्तियाँ और सहप्रयोग**

निम्नलिखित वाक्यों में भरने के लिए नीचे दिए गए मुहावरों, लोकोक्तियों और सहप्रयोगों में से उपयुक्त मुहावरे, लोकोक्तियाँ और सहप्रयोग चुनिए और उन्हें उत्तर पत्र में लिखिए।

**6** सिपाही ने चोर को ____________ पकड़ लिया।

**7** रास्ते में एक कुआँ पड़ता है जहाँ ____________ मुसाफ़िर आराम कर लेते हैं।

**8** रामू की माँ ने अपना _____________ बच्चों को पढ़ाया।

**9** देर से आते हो और पूछते हो काम क्यों नहीं हुआ, ___________________ ।

**10** दिनेश वास्तव में __________ का साथी है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **(1)** | पेट काटना | **(6)** | सुख-दुःख |
| **(2)** | जब-तब | **(7)** | रंगे हाथ |
| **(3)** | थका-हारा | **(8)** | नाच न जाने आँगन टेढ़ा |
| **(4)** | हाँ में हाँ मिलाना | **(9)** | आँखों में धूल झोंकना |
| **(5)** | उल्टा चोर कोतवाल को डाँटे | **(10)** | जान पर खेलना |

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



## A3 Sentence Transformation 0]

**वाक्य रूपान्तरण**

निम्नलिखित वाक्यों के नीचे दिए गए अधूरे वाक्यों को इस तरह बदल कर पूरा कीजिए कि उनका अर्थ ऊपर दिए गए वाक्यों से भिन्न न हो। अपने उत्तर दिए गए उत्तर पत्र में लिखिए।

**11** वह मन लगाकर पढ़ता है इसलिए हमेशा प्रथम आता है।

मन लगाकर पढ़ने के कारण ______________________________ ।

**12** माँ बच्चे को सुला रही है।

बच्चा माँ ______________________________ ।

**13** बड़ों का आदर करना सीखो।

तुम्हें बड़ों का ______________________________ ।

**14** ज्यों ही वह घर से बाहर निकला, बरसात होने लगी।

उसके घर से बाहर ______________________________ लगी।

**15** उसने नौकर से दवा मँगवाई।

उसकी दवा ______________________________ ।

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



## A4 Cloze Passage [10]

**क्लोज़ पैसेज**

नीचे दिए गए अनुच्छेद को ध्यान से पढ़िए और उसके नीचे दिए गए शब्दों में से उपयुक्त शब्द चुन कर उनकी संख्या को अपने उत्तर पत्र में लिखिए।

इसमें कोई संदेह नहीं कि मोबाइल फ़ोन ने लाखों लोगों के __16__ को बदल दिया है। नई पीढ़ी ने नई तकनीक का प्रयोग करना अपने __17__ की तुलना में कहीं जल्दी सीखा है। उन्होंने बोल कर भेजे जाने वाले पारंपरिक संदेश में टेक्स्ट मैसेज या लिपि संदेश को भी जोड़ दिया है जो अब __18__ में संचार का एक सबसे लोकप्रिय तरीक़ा बन गया है। सड़कों पर अपने मोबाइल फ़ोनों में नज़रें गड़ाए, डायल पैड पर झटपट छोटे-छोटे टेक्स्ट संदेश __19__ करते और आने वाले टेक्स्ट संदेशों को पढ़ते युवक अब आम तौर पर दिखाई पड़ जाते हैं। युवक-युवतियाँ जिस रफ़्तार के साथ टेक्स्ट भेजते हैं वह __20__ का विषय है। फ़ोन करने की बजाए टेक्स्ट भेजने का युवकों को सबसे बड़ा फ़ायदा यह है कि टेक्स्ट भेजना __21__ पड़ता है और अधिकांश युवक अभी कमाई नहीं कर रहे होते हैं। लेकिन इन टेक्स्ट संदेशों को लेकर कुछ चिन्ताएँ भी हैं। कुछ वैज्ञानिक मानते हैं कि __22__ साल की उम्र वाले लगभग आधे युवकों की नींद टेक्स्ट संदेशों की वजह से __23__ हो रही है। कुछ युवक अपने मोबाइल फ़ोन साथ लेकर सोते हैं ताकि आने वाले टेक्स्ट संदेशों को तत्काल पढ़ सकें। वैज्ञानिकों का कहना है कि देर रात दिखाए जाने वाले टेलिविज़न __24__ की अपेक्षा मोबाइल फ़ोनों से स्वास्थ्यप्रद नींद का टूटना ज़्यादा ख़तरनाक है। क्योंकि देर रात दिखाए जाने वाले टेलिविज़न कार्यक्रम तो किशोरों के सोने जाने के वक़्त को ही प्रभावित करते हैं, लेकिन मोबाइल फ़ोन वास्तव में नींद में __25__ डालते हैं।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **(1)** | काम | **(6)** | सोलह | **(11)** | बाधा |
| **(2)** | जीवन | **(7)** | बेटा-बेटी | **(12)** | टाइप |
| **(3)** | चालीस | **(8)** | माँ-बाप | **(13)** | मँहगा |
| **(4)** | दुनिया | **(9)** | आकाश | **(14)** | प्रभावित |
| **(5)** | आश्चर्य | **(10)** | सस्ता | **(15)** | कार्यक्रमों |

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



## Section B
## खंड 'ख'

निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

### एशियाई हाथी

एशियाई नस्ल के हाथी अफ़्रीकी नस्ल के हाथी से छोटे होते हैं, उनकी पीठ अपेक्षाकृत ऊँची होती है और दाँत और कान छोटे होते हैं। ये हाथी भारत से लेकर सुमात्रा तक के क्षेत्र में मुख्य रूप से नीची ज़मीन के जंगलों में पाए जाते हैं और पाँच से लेकर बीस के ऐसे झुंडों या परिवारों में रहते हैं जिनका नेतृत्व बूढ़ी हथिनी करती है।

एशियाई हाथी तेज़ी से बढ़ने वाले और नीची ज़मीन के जंगलों की सीमाओं पर पाए जाने वाले स्वादिष्ट पेड़-पौधों को खाते हैं। उनको फल भी पसंद हैं और उन तक पहुँचने के लिए वे पेड़ों को गिरा तक देते हैं। हाथियों पर कभी - कभी बर्बादी करने का आरोप भी लगाया जाता है क्योंकि जहाँ वे चरते हैं, वहाँ बर्बादी का दृश्य छोड़ जाते हैं। जंगलों में ये टूटे हुए पेड़-पौधे उन जंगली जानवरों और हिरनों के काम आ जाते हैं जो बचा-खुचा चरने के लिए हाथियों के झुंड का पीछा कर रहे होते हैं। स्वाभाविक सी बात है कि हाथियों को विचरण करने के लिए काफ़ी बड़े क्षेत्र की ज़रूरत है ताकि बर्बाद हुए भागों को फिर से हरा-भरा होने का समय मिल सके।

वयस्क हाथी एक दिन में लगभग एक सौ पचास किलोग्राम चारा खाता है और सत्तर से नब्बे लीटर पानी पीता है। एशियाई हाथियों को गर्मी पसंद नहीं है इसलिए वे दोपहर में गहरी छाया की तलाश करते हैं। एशियाई हाथियों के छोटे कान उनके विशाल शरीरों का गर्मी से उतना बचाव नहीं कर पाते जितना बचाव अफ़्रीकी हाथियों के बड़े कान करते हैं।

हाथियों को रसदार वनस्पतियाँ और फल पसंद हैं, जिसकी वजह से जहाँ - जहाँ जंगली हाथी और इंसान मिलते हैं वहाँ - वहाँ उनमें टकराव पैदा होता है। इंडोनीशिया में हाथी संरक्षित जानवर और दुश्मन, दोनों श्रेणियों में रखे जाने की वजह से एक विचित्र स्थिति में है। किसानों के बचाव के लिए हाथियों को दूसरी जगह ले जाने और बिजली की बाड़ लगाने जैसे तरह-तरह के उपाय कर के देखे गए हैं, लेकिन कहीं सफलता मिल पाई है तो कहीं नहीं।

थाइलैंड में हाथी पालने की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। उनकी अपार शक्ति, लंबी उम्र और सीखने की क्षमता उन्हें भारी सामान ढोने के लिए बेहद उपयोगी बनाती है। लेकिन हाथी वास्तव में पालतू पशु नहीं है क्यों कि बंधन में रहते हुए कोई विरला ही हाथी बच्चे पैदा करता है।

**B5 MCQ Comprehension** [14]
**आशय समझना**

अनुच्छेद के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के नीचे चार-चार उत्तर दिए गए हैं। सही उत्तर को चुन कर उत्तर पत्र में उसकी संख्या लिखिए।

**26** एशियाई हाथी अफ़्रीकी हाथी से भिन्न होता है क्यों कि....

**(1)** उसके दाँत छोटे और कान बड़े होते हैं
**(2)** वह आकार में छोटा होता है और उसके दाँत छोटे होते हैं
**(3)** वह आकार में बड़ा होता है और उसके दाँत बड़े होते हैं
**(4)** उसके कान छोटे और दाँत बड़े होते हैं

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



27 एशियाई हाथी पसंद करता है कि वह...

(1) बीस तक के झुंड में रहे
(2) बीस से बड़े झुंड में रहे
(3) केवल हथिनी के साथ रहे
(4) परिवार के पाँच से कम सदस्यों के साथ रहे

28 दूसरे जानवर....

(1) हाथियों के चरने से पहले ही चर लेते हैं
(2) फलों तक पहुँचने के लिए अक्सर पेड़ों को नष्ट कर देते हैं
(3) हाथियों के पहुँचने से पहले भाग जाते हैं
(4) हाथियों के चरने के बाद बचे-खुचे चारे से काम चलाते हैं

29 एशियाई हाथी....

(1) की शारीरिक बनावट गर्मी के उपयुक्त नहीं होती
(2) अफ़्रीकी हाथियों की अपेक्षा अधिक खाते और पीते हैं
(3) छोटे कान वाले होते हैं जिनसे अच्छी तरह गर्मी से बचाव हो सके
(4) दोपहर में घूमना पसंद करते हैं

30 इंडोनीशिया के किसानों की हाथियों से रक्षा के लिए किए गए उपाय...

(1) हमेशा सफल रहे हैं
(2) कभी सफल नहीं हुए हैं
(3) अंततः सफल रहे हैं
(4) कभी-कभी सफल रहे हैं

31 इंडोनीशिया में....

(1) हाथियों को हमेशा दुश्मन माना जाता है
(2) हाथियों को दोस्त भी समझा जाता है और दुश्मन भी
(3) किसानों ने फल उगाना छोड़ दिया है
(4) लोग हाथियों की रक्षा के लिए बहुत कोशिश करते हैं

32 थाइलैंड में....

(1) हाथियों को पालतू बना कर घरों में रखा जाता है
(2) हाथियों को बंधन में रखा जाता है
(3) हाथियों से भारी सामान ढोने का काम लिया जाता है
(4) हाथी की बुद्धिमता उसे बहुमूल्य जानवर बनाती है

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



## Section C
## खंड 'ग'

नीचे दिए गए अनुच्छेद को ध्यान से पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर जहाँ तक संभव हो, अपने शब्दों का प्रयोग करते हुए, पूरे-पूरे वाक्यों में दीजिए।

### इंडोनीशिया की यात्रा

मकासर के बंदरगाह पर एक अठारह वर्षीय अंग्रेज़ सुदूरवर्ती बांदा टापुओं की यात्रा पर जाने के लिए समुद्री जहाज़ पर सवार हुआ। वह इतने ख़तरनाक समुद्र की यात्रा के लिए तो उत्सुक नहीं था लेकिन इन टापुओं को इंडोनीशिया के आरंभिक इतिहास में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए देखना चाहता था। सत्रहवीं शताब्दी में ये टापू भोजन में मसाले के तौर पर इस्तेमाल होने वाले जायफल के व्यापार की वजह से यूरोप की दिलचस्पी का केन्द्र थे।

नौजवान मुसाफ़िर भीड़ को चीरते हुए आगे बढ़ा और अपने छोटे से केबिन तक पहुँच गया। उसने देखा कि यात्रियों में कुछ बच्चे और किशोर भी थे जो थोड़ा घबराए हुए नज़र आ रहे थे मानो पहली बार घर से दूर जा रहे हों। लेकिन उसे यह देखकर अचरज हो रहा था कि किस तरह जहाज़ के ज़्यादातर मुसाफ़िर यात्रा के ख़तरों की चिन्ता किए बिना चुपचाप अपने रोज़मर्रा के कामों में लगे हुए थे। कुछ आरामदायक केबिनों में से एक केबिन, सारंग पहने हुए टेढ़े-मेढ़े दाँतों वाले मोतियों के एक व्यापारी के पास था जो मोतियों भरे एक बक्से पर टकटकी लगाए हुए था। "बहुत ख़ूब", मटर के दाने जितने बड़े एक उत्कृष्ट काले मोती को बड़ी अकड़ के साथ उठाते हुए उसने कहा। हट्टे-कट्टे आदमी रास्ते भर उसके दरवाज़े के बाहर खड़े रहे और किसी को उसके केबिन में प्रवेश करने की अनुमति नहीं थी।

सौभाग्य से वह यात्री अगले दिन बांदा टापुओं के मुख्य बंदरगाह पर पहुँचा तो उसने चैन की साँस ली। वहाँ पर उसकी भेंट तान्या से हुई जिसका परिवार डच नागरिकों द्वारा बनाई गई उपनिवेश शैली की एक भव्य इमारत में स्थानीय होटल चलाता था। नारंगी और सफ़ेद रंग के सूर्यास्त के शानदार माहौल में टापुओं के वैभव ने उसका मन मोह लिया था। लेकिन तान्या ने उसे बताया कि उसके होटल का कारोबार इतना मंदा चल रहा था कि पिछले दो सालों में उसके होटल में ठहरने वाला वह पहला यात्री था।

कितने अफ़सोस की बात थी। जायफल का मसाला वहाँ अब भी मिलता था परन्तु अब उसकी वह क़ीमत नहीं रह गई थी और बड़े व्यापारियों को इस व्यापार की ओर खींच पाना कठिन हो गया था।

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



**C6 OE Comprehension** [6]
**आशय समझना**

33 अवतरण से यात्री की उम्र, राष्ट्रीयता और यात्रा के विवरण के बारे में क्या पता चलता है?

34 मोतियों के व्यापारी के अलावा जहाज़ के दूसरे यात्रियों का लेखक ने कैसे वर्णन किया है? चार विशेषताएँ लिखिए।

35 मोतियों का व्यापारी कैसा लगता था और वह क्या कर रहा था?

36 होटल और उसके कारोबार की दशा के बारे में अवतरण में क्या लिखा गया है?

37 अवतरण के अनुसार टापुओं में जायफल के व्यापार में सत्रहवीं सदी से आज तक क्या परिवर्तन हुआ है?

38 यात्री ने यात्रा से पहले, उसके दौरान और यात्रा के बाद कैसा अनुभव किया, विवरण दीजिए।

**C7 Vocabulary** [10]
**शब्दार्थ**

अवतरण के रेखांकित शब्दों को नीचे दिया गया है। इनका अर्थ हिन्दी में लिखिए।

39 आरंभिक

40 रोज़मर्रा

41 उत्कृष्ट

42 वैभव

43 कारोबार

**End of Paper**

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



BLANK PAGE

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



BLANK PAGE

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



**BLANK PAGE**

Permission to reproduce items where third-party owned material protected by copyright is included has been sought and cleared where possible. Every reasonable effort has been made by the publisher (UCLES) to trace copyright holders, but if any items requiring clearance have unwittingly been included, the publisher will be pleased to make amends at the earliest possible opportunity.

University of Cambridge International Examinations is part of the University of Cambridge Local Examinations Syndicate (UCLES), which is itself a department

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers